अग,सित,अक्टू,नव,दिस 2014

सम्मान्नीय महोदय/महोदया,

सादर जय जिनेन्द्र !

➢ नूतन वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं

➢ भगवान चंद्रप्रभु से आपके सपरिवार कुशलता की कामना करते हुये विगत 5 माह की प्रगति हम इस पत्र के माध्यम से आपको प्रेषित कर रहे हैं।

➢ चलित चिकित्सा इकाई – इस सेवा अंतर्गत 13.08.2014 को शा.प्रा.शा. मछरयाई एवं मोहननगर, 14.08 को विद्या पब्लिक स्कूल सागर, 19.08 को विद्या प्राथमिक शा. बाहुबली कॉलोनी एवं विजय टाकीज चौराहा, प्रा.शा. दिवालानाका, 20.08 को शा.प्र.शा. भैंसा पहाडी, 12.09 को वन्दना भवन जैसीनगर, 19.09 को मनेरिया कर्लो, 14.10 को बेलई घाट, 15.10 को आनंद आश्रम, तथा 17.10 को बुंदेलखंड विज्ञान मेला खुरई में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाये गये जिससे 1428 बच्चे, युवा महिला–पुरूष लाभान्वित हुये, इन शिविरों में डॉ. बी.पी. त्रिवेदी सहित पैरामेडीकल स्टाफ ने अपनी सेवायें दीं।

➢ रक्तदान शिविर – दिनांक 28.09.2014 को भारतीय जैन मिलन संघ सागर इकाई द्वारा मकरोनिया में, 12.10 को जय माता दी गुरूनानक ट्रस्ट द्वारा सिंधी धर्मशाला सिविल लाइन में, 21.11 को श्री महेश बिलहरा जी गीतांजलि बिल्डर्स द्वारा कटरा बाजार में, 14.11 को टाटा मोटर्स द्वारा मकरोनिया में तथा 05.12 को गुलाब बाबा आश्रम में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में कुल 87 रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान किया गया।

➢ निःशुल्क ओपीडी – संस्था के पूर्व प्रबंध निदेशक स्व. डॉ. अमरनाथ जी जैन के जन्म जयंती अवसर पर दिनांक 1 से 8 सितम्बर 2014 तक सभी विभागों में निःशुल्क ओपीडी व चिकित्सीय परिक्षणों पर 25% की अतिरिक्त चेरिटी भी मरीजों को दी गयी। इस सेवा से 1867 मरीज लाभांवित हुए।

➢ स्वतंत्रता दिवस समारोह – 15 अगस्त 2014 को स्वतंत्रता दिवस की पुण्य बेला में ट्रस्ट के वरिष्ठ कर्मचारी श्री अजय जैन (वाहन चालक), श्री राकेश जैन (भृत्य), श्री बापी रंजन जैना (नलकार), श्री खडगसिंह (सुरक्षाकर्मी) एवं श्री दिलीप (सफाई कर्मी) ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर न्यासी एड.पी.सी. नायक एवं संस्था के विधि सलाहकार एड. शिवकुमार ताम्रकार ने अपना आतिथ्य उद्बोधन प्रस्तुत कर समाज को सुधारने के पहले स्वयं को सुधरने की बात पर बल दिया। ट्रस्ट द्वारा संचालित महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। न्यासी डॉ. दिलीप जैन, डॉ. महेन्द्र जैन, डॉ. ऋषभ जैन, श्री मुन्ना भैया, मुख्य प्रबंधक श्री ए.के. जैन, ने सभी उपस्थित समूह को अपनी शुभकामनायें दीं। पश्चात् चिकित्सालय में मरीज उदवाहक (लिफ्ट) का लोकार्पण भी किया गया।

➢ सम्मान समारोह – दिनांक 29 अगस्त 2014 को म.प्र. शासन के स्वास्थ्य मंत्री श्री शरद जैन भाग्योदय तीर्थ आकस्मिक दौरे पर पधारे। निरीक्षण उपरांत उन्होंने भाग्योदय की चिकित्सा सुविधाओं, चिकित्सकों तथा कर्मचारियों की सेवा भावना की प्रशंसा की। इस अवसर पर क्षेत्र विधायक श्री शैलेन्द्र जैन, महापौर श्रीमति पुष्पा शिल्पी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.सी. जैन भी उपस्थित रहे। निदेशक श्री सुगम कोठारी एवं एड. पी.सी. नायक ने सभी अतिथियों को सम्मानित किया।

➢ चिकित्सालय के नवीन विशेषज्ञ – न्यास द्वारा संचालित रेडियोलॉजी विभाग में डॉ. सुजाता वसंत शंभरकर (MBBS, DMRD नासिक) तथा डॉ. सोनाली जैन (BDS इंदौर) की सेवाएं प्रारंभ हुई हैं।

➢ नवीन शल्य किया विभाग का लोकार्पण – दिनांक 31.12.2014 को नवनिर्मित 6 शल्यकिया कक्षों का लोकार्पण क्षेत्र सांसद श्री लक्ष्मीनारायण यादव जी द्वारा किया गया। जिसके अंतर्गत सामान्य तथा दूरबीन (2), हड्डी एवं जोड तथा प्रत्यारोपण, नेत्र, प्रसूति तथा लघु शल्यकिया कक्ष एवं वार्ड सम्मिलित हैं।

❖ फॉर्मेसी कॉलेज – दिनांक 05 सितम्बर 2014 को शिक्षक दिवस के अवसर पर डीन अकादमिक प्रो. व्ही. के. दीक्षित, प्राचार्य डॉ. अंकुर वैद्य तथा संकाय सदस्यों ने विशाल स्तर पर परिसर में वृक्षारोपण किया।

❖ विले पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित राष्ट्रीय पुस्तक में "नैनो हर्बल मेडीसन" विषय पर श्री सौरभ जैन का लेख प्रकाशित हुआ।

❖ इस महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अंकुर वैद्य अनेक उपलब्धियां अर्जित कीः– लेख "पैन्सलीन एन्टीबायोटिक" का प्रकाशन अमेरिका से प्रकाशित होने वाली एपिल पब्लिशर की पुस्तक में हुआ। साथ ही जनरल मेडीसनर केमेस्ट्री रिसर्च (अमेरिका) में शोध पत्र प्रकाशित है। विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों में भी इन्होंने संसाधन व्यक्ति के रूप में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की है।

❖ राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन – दिनांक 11 एवं 12 नवम्बर 2014 को इस महाविद्यालय में इंडियन कौंसिल ऑफ पैरामेडीकल रिसर्च नई दिल्ली के सौजन्य तथा इंडियन फारमोकोगनोसी सोसायटी की तकनीकी सहायता से "वनस्पति औषधियों के राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय विनमय" पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें के.एल.ई. विश्वविद्यालय बेलगांव क्रर्नाटक के कुलपति प्रो.सी.के. कोकाटे, डॉ. हरिसिंह गौर केन्द्रीय विश्वविद्यालय सागर के कुलपति प्रो. एस.पी. व्यास मुख्य अतिथि के रूप में तथा प्रो. आर. के. अग्रवाल (सागर वि.वि. डीन स्कूल आफ इंजीनियर टेक्नोलॉजी), प्रो.डी.बी. कोहली (विभागाध्यक्ष फार्मेसी वि.वि.सागर) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस संगोष्ठी में डॉ.उमेश पाटिल वि.वि. सागर, डॉ. डी.आर.लोहार दिल्ली, प्रो. ए.पी. हरदास नागपुर, डॉ. नितिन जैन नई दिल्ली, डॉ. नागेन्द्र सिंह चौहान रायपुर, प्रो. एस.सी. चतुर्वेदी, डॉ. ए.के. ओमरे, प्रो. ए.के. सिंघई, प्रो. बद्रीप्रसाद, प्रो. जे.के. जैन ने अपने विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किये। संगोष्ठी अंतर्गत विभिन्न महाविद्यालयों से आये 200 से भी अधिक विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता दर्ज करते हुए शोध पत्रों का वाचन किया। संस्था के सभापति श्री सुगम कोठारी, डीन प्रो. विनोद दीक्षित, प्राचार्य अंकुर वैद्य एवं संगोष्ठी सह संयोजक श्री सौरभ जैन ने सभी प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं दीं।

❖ मध्यप्रदेश कौंसिल आफ साइंस एंड टेक्नॉलाजी भोपाल द्वारा शोध एवं विकास परियोजना (वनस्पिति विज्ञान) अंतर्गत इस संस्था के प्राचार्य डॉ. अंकुर वेद्य को परियोजना अनवेषक तथा आशुतोष पाल को सहायक परियोजना अनवेषक दो वर्ष के लिए चयनित किया गया है।

➢ नर्सिंग कॉलेज – दिनांक 27 सितम्बर 2014 को लाइफ स्टार मेनकाइन्ड ग्रुप द्वारा इस महाविद्यालय की छात्राओं के लिये "स्त्री रोग एवं स्वच्छता विषय" पर सेमीनार हुआ जिसमें चिकित्सालय की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रूपाली जैन ने मुख्य वक्ता के रूप में अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया।

❖ B.Sc. Nursing 4th Year के विद्यार्थियों ने प्राचार्य राजकृष्णनन, श्री सेरिन, कु. सौम्या, श्री महंतेश के निर्देशन में "न्यूनतम व्यय में बेहतर स्वास्थ्य उपचार तथा "खेल खिलौनों के माध्यम से बच्चों का चिकित्सालय भय दूर करें" विषयों पर परियोजना शोध कार्य किया।

❖ नवम्बर 2014 के पूर्ण माह में इस महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा जेरई, जरारा, भटुआ तथा नरयावली आदि ग्रामों में घर घर जाकर स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी लोगों तक पहुंचायी गयी।

❖ 1 दिसम्बर 2014 को विश्व एडस दिवस के अंतर्गत जागरूकता रैली का आयोजन श्री महेन्द्र विश्वकर्मा के निर्देशन में किया गया। साथ ही एडस बीमारी से बचाव हेतु विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय परिसर में नाटक का भी आयोजन किया गया।

➢ ग्राम जरूआखेडा, नरयावली, खुरई, सुरखी, के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में फार्मेसी, नर्सिंग एवं पैरामेडीकल में रोजगार की संभावनाओं को बताने हेतु यहाँ के व्याख्याताओं द्वारा कॅरियर कौंसलिंग भी दिसम्बर 2014 के माह में की गयी है। साथ ही दर्शाये विद्यालयों में 200 से भी अधिक विद्यार्थियों का रक्त समूह परीक्षण यहाँ के पैथोलॉजी टेक्नीशियन द्वारा किया गया है।

➢ भाग्योत्सव 2014 – 10.12.2014 भाग्योदय तीर्थ धर्मार्थ न्यास के स्थापना पर्व के अवसर पर भाग्योत्सव का विशेष आयोजन किया गया जिसमें लोक कला अकादमी के निर्देशक डॉ. विष्णु पाठक एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय मुणोत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में भाग्योदय तीर्थ की पाठशाला के बच्चों तथा कला अकादमी के कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का मंचन किया। संस्था के 20 नवीन न्यासियों का सम्मान किया गया तथा गत वर्षीय प्रगति प्रतिवेदन का वाचन एड. पी.सी.नायक द्वारा किया गयां। इस कार्यक्रम का संचालन श्री वीरेन्द्र जैन तथा डॉ. अंजना चतुर्वेदी ने एवं आभार निदेशक श्री महेन्द्र बिलहरा ने माना।

➢ **माह अगस्त,सित,अक्टू,नव,दिस 2014 में आपके संस्थान द्वारा K.82,41,142/-का अनुदान मरीजों के लिए की गयी।**

➢ **चिकित्सालय में भर्ती मरीजों के लिए भोजन तथा डायलेसिस के मरीजों के लिए दूध नास्ता की निःशुल्क व्यवस्था दान–दाताओं के माध्यम से प्रतिदिन की जा रही है। आप भी इस पुण्य कार्य में अपनी चंचला लक्ष्मी का प्रयोग कर पुण्य लाभ ले सकते हैं। आप अपनी दान राशि संस्था के A/c 30476854924 (SBI) सागर में सीधे जमा या चेक/ ड्रॉफ्ट/मनीआर्डर द्वारा भेज सकते हैं।**

➢ हमें आपके मूल्यवान सुझावों का इंतजार है आप अपने सुझाव 09827250752 पर SMS करके या पत्र लिखकर भी भेज सकते हैं।

भाग्योदय तीर्थ परिवार की ओर से . . .

संतोष खरे
जनसंपर्क अधिकारी